# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**28.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे**

### मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को स्मरण रखते हुए आगामी त्यौहारों के मौसम को स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने की अपील की है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की 126वीं कड़ी में उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में कई त्यौहार हैं और जीएसटी बचत उत्सव भी चल रहा है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को खरीदने से परिवार में तो खुशी आयेगी ही, कारीगरों के परिश्रम का भी सम्मान होगा और युवा उद्यमियों के सपनों को भी पंख लगेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि त्यौहार के मौसम के दौरान केवल घर ही नहीं, बल्कि सड़कों, पड़ोस, बाजार और गांव की स्वच्छता पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। आगामी 2 अक्तूबर को गांधी जयंती के संबंध में प्रधानमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमेशा स्वदेशी को अपनाने पर बल दिया, जिसमें खादी सबसे प्रमुख थी। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों के दौरान देश में खादी के प्रति आकर्षण बहुत बढ़ा है और इसकी बिक्री में भी तेज़ी आई है। प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से दो अक्तूबर को कोई न कोई खादी उत्पाद खरीदने और उसे वोकल फॉर लोकल हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की।

### जीएसटी सुधार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी.एस.टी. बचत उत्सव की घोषणा की थी। 22 सितम्बर से शुरू हुआ यह उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। जी.एस.टी. सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन सुधारों से वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम हुआ है और लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

### शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के शामती में वर्ष 2023 में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 17 परिवारों को अपना घर बनाने के लिए चिन्हित भूमि के स्वीकृति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को समय पर राहत उपलब्ध करवाई जा रही है। इस बीच, धनीराम शांडिल ने नगर पंचायत कंडाघाट के कचरा एकत्रिकरण वाहन को भी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि कंडाघाट को चण्डीगढ़ और जमशेदपुर की तर्ज पर स्वच्छ, सुंदर व आकर्षक बनाया जाएगा।

### सुख आश्रय

राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2023 में शुरू की गई मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत प्रदेश में अब तक 4 हज़ार एक सौ से अधिक बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया गया है। शिमला की महिला व बाल विकास विभाग की ज़िला कार्यक्रम अधिकारी ममता पॉल ने बताया कि ये योजना अनाथ और विशेष रूप से सक्षम बच्चों को आर्थिक सहयोग प्रदान करने के साथ ही उनके उज्जवल भविष्य के लिए भी अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025–26 में अब तक इन बच्चों पर 17 करोड़ रूपए से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है।

................................